
## खबर संक्षेप

### बंदूक दिखाकर लूट दो युवकों ने की लूट




**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत महाकाल धर्म कांटा बटुरा में दो बदमाशों ने बंदूक के दम पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी काउंटर से 4 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। वारदात के बाद जब एक व्यापारी ने विरोध किया, तो आरोपी उसके घर पहुंचकर हवाई फायरिंग करने लगे। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई है। पीड़ित बजरंगी कुमार राय के मुताबिक, बीती रात शहडोल निवासी प्रतीक सिंह पिता के.के. सिंह और उसका एक साथी बाइक से धर्म कांटा पहुंचे। उन्होंने तमंचा दिखाकर डराया, गाली-गलौज कर मारपीट की और काउंटर से 4 हजार रुपये लूट लिए। इस दौरान वहां मौजूद व्यापारी बद्री पांडे ने जब विरोध किया, तो आरोपी उनसे भी उलझ गए। बद्री पांडे मौके से हट गए, जिसके बाद आरोपी उनका पीछा करते हुए उनके घर पहुंच गए और बाहर हवाई फायरिंग कर गालियां दीं। फायरिंग की आवाज सुनकर आस-पास के लोग बाहर निकले, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पीड़ित की शिकायत पर अमलाई थाने में लूट, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वार्ड से हटाएं जाएं जर्जर बिजली पोल व ट्रांसफार्मरः पूर्णिमा



**उमरिया।** नगरपालिका वार्ड क्रमांक 11 में बरसात के पहले जर्जर बिजली पोल, ट्रांसफार्मर सहित नीचे झूलती केबिल बदलने सहित पांच सूत्रीय मांग की गई है। इस संबंध में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन को दिए ज्ञापन में पार्षद पूर्णिमा सुजीत सिंह ने प्रशासन ने जनहित मुद्दों को लेकर ध्यानाकृष्ट कराया है। ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि वार्ड नंबर 11 मे विभिन्न स्थानों में लगे सीमेन्ट के जर्जर बिजली के पोल एवं ट्रॉसफार्मर शिफ्ट कराया जाना अति आवश्यक है। मुख्य मांगों में चौधरी मोहल्ला में ट्रॉसफार्मर एवं 11 केव्ही. लाईन सिफ्टिंग, खलेसर स्कूल तिराहा एवं ऑगनबाड़ी के सामने बिजली पोल, दुर्गामंदिर के पास से शिवमूर्ति गुप्ता के घर तक वर्तमान मे खुली लाईन हटाकर ए.बी. केबल लगाना, चुन्नी लाल बर्मन के घर के सामने लगे बिजली के पोल शिफ्टिंग कराया जाए जिससे आमजन को समस्या का सामना न करना पड़े तथा छोटे लाल प्रजापति के घर के सामने सीमेंट का पोल हटाकर नया पोल लगाने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में नागरिकों द्वारा बताया गया है कि बारिश के मौसम मे खंभों में करंट आ जाता है। यही नहीं चौधरी मोहल्ले में लगा ट्रॉसफार्मर पूरी तरह झुक चुका है, जिससे कोई भी अप्रिय घटना की संभावना है।

### जिला पंचायत के लिपिक को दी गई भावभीनी विदाई



**शहडोल।** जिला पंचायत कार्यालय में पदस्थ रहे सहायक ग्रेड-2 रमेश चंद्र शर्मा को सेवा निवृत्त होने पर जिला पंचायत कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जिला पंचायत के सभागार में विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक पड़ाव है, न कि समाप्ति। यह जीवन के नए अध्याय की शुरुआत होती है, जहां अनुभवों का सदुपयोग समाज और परिवार के हित में किया जा सकता है। वर्षों की सेवा के दौरान अर्जित ज्ञान, अनुशासन और कार्य संस्कृति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनती है। उन्होंने कहा कि श्री शर्मा का बहुत ही सरल एवं सहज स्वभाव रहा। उनके कार्य करने का ढंग बेहतर एवं व्यवस्थित था। वे हमेशा काम करने के लिए सक्रिय रहते थे तथा सकारात्मक सोच रखने वाले व्यक्ति थे। उन्होनें कहा कि श्री शर्मा के द्वारा किये गए कार्य सराहनीय है। विदाई समारोह में सेवानिवृत सहायक ग्रेड-2 रमेश चंद्र शर्मा ने भी अपने कार्यकाल में किये गए कार्यों को याद किया तथा कहा कि जिला पंचायत कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मुझे बेहतर सहयोग प्रदान किया जिससे मै अपने कार्यों को सहजता के साथ कर पाया।

## मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद नहीं खुल पाया शहडोल में नवीन महाविद्यालय

# संभाग के विकास में बलि चढ़ा डिग्री कॉलेज

विश्वविद्यालय ने मानो शंभू नाथ शुक्ला डिग्री कालेज को लील लिया है। उसी के बूते विश्वविद्यालय चल रहा है, जबकि कालेज का अस्तित्व लगभग मिट सा गया है। डिग्री कालेज शिक्षा के लिए अब छात्र-छात्राओं को भटकना पड़ रहा है। शहडोल संभाग का गठन होने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में जमकर विकास हुआ, लेकिन उस विकास में ब्वायज डिग्री कालेज की बलि चढ़ गई।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 जनवरी 2024 को अपने शहडोल प्रवास के दौरान जिले को एक नवीन शासकीय महाविद्यालय की सौगात देने की घोषणा की थी। सरकार ने पंडित शम्भूनाथ शुक्ल शासकीय महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा देकर 50 एकड़ भूमि आवंटित की थी और इसके लिए 53 करोड़ रुपये की राशि मंजूर भी की गई, बावजूद इसके विश्वविद्यालय प्रशासन के अड़ियल रवैये के कारण नवीन महाविद्यालय अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने इस संबंध में कई बार उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से मुलाकात कर पुराने डिग्री कॉलेज में महाविद्यालय खोलने का अनुरोध किया, जिस पर उच्च शिक्षा मंत्री सहमत भी हुए, इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नए-नए बहाने बनाए जा रहे हैं, ताकि पुराने कॉलेज परिसर में नवीन महाविद्यालय न खोला जा सके और जिला प्रशासन को गुमराह कर भ्रामक जानकारी दी जा रही है।

### विद्यार्थियों के साथ धोखाधड़ी का आरोप

23 अप्रैल 2025 को जिला कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने कथित रूप से विद्यार्थियों को गुमराह किया। प्रशासन ने छात्रों को यह संदेश भेजा कि उस दिन प्रोजेक्ट वर्क का वायवा सीसीई परीक्षा और उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर होंगे, जिसके चलते छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बाद में पता चला कि कोई परीक्षा नहीं हुई और प्रशासन केवल निरीक्षण के समय अधिक छात्र संख्या दिखाने के लिए उन्हें बुलाया गया।

### महाविद्यालय खोलने की मांग तेज

शहडोल के नागरिक, जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राएं लगातार मांग कर रहे हैं कि पुराने डिग्री कॉलेज में नवीन शासकीय महाविद्यालय को संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा 24 अप्रैल 2025 को उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में जनजातीय क्षेत्रों में नए कॉलेज खोलने की प्राथमिकता दी गई थी, जिससे यह मुद्दा और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। शहडोल जिले के प्रभारी सचिव नीरज मण्डलोई, अतिरिक्त मुख्य सचिव, म.प्र. शासन ने भी इस संबंध में जिला प्रशासन को त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देश भी दिए थे ।

### भविष्य की राह

जानकार सूत्रों के अनुसार, विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुराने डिग्री कॉलेज की रसायनशास्त्र प्रयोगशाला में तोडफ़ोड़ कर दी और वहां कीमती संसाधनों को नष्ट किया। प्रशासन की हठधर्मिता के कारण यह विवाद अब स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच तनाव का विषय बन चुका है। छात्र समुदाय प्रशासन के इस रवैये से नाराज है और मांग कर रहा है कि मुख्यमंत्री की घोषणा पर शीघ्र अमल हो । शहडोल के नागरिकों की अपील है कि शहडोल जिले के कलेक्टर, पं. शम्भूनाथ शुक्ल महाविद्यालय के ओल्ड कैंपस जहां पर विश्वविद्यालय की कला एवं वाणिज्य की कक्षाएं संचालित है, उसका औचक निरीक्षण करें, ताकि वास्तविक छात्र उपस्थिति और शिक्षा व्यवस्था की स्थिति से वाकिफ हो सके। अगर सरकार की घोषणा को सही तरीके से लागू किया जाता है, तो क्षेत्र के आदिवासी छात्रों को बेहतर शिक्षा शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्राप्त हो सकेगी।

## रानू का हुआ सहायक प्राध्यापक में हुआ चयन, कुलगुरु ने दी बधाई



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग की शोधार्थी एवं स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर की पूर्व छात्रा कु. रानू सोनी ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 में अंतिम चयन सूची में 27 वाँ स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय और विभाग को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि कु. सोनी ने यूजीसी-नेट परीक्षाओं में फरवरी 2022, अक्टूबर 2022, अप्रैल 2023 एवं जुलाई 2023 में लगातार सफलता प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने गेट 2023 में ऑल इंडिया रैंक 223 प्राप्त कर अपनी विद्वता और शैक्षणिक प्रतिबद्धता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वर्तमान में वे डॉ. ज्योति सिंह के निर्देशन में शोधकार्य कर रही हैं। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की मजबूत शैक्षणिक व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और अनुसंधान पर केंद्रित शिक्षण पद्धति की उत्कृष्टता को प्रतिबिंबित करती है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता, स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर राजहंस, डॉ. सुधीर दीक्षित, शोध निदेशक डॉ ज्योति सिंह, एवं विभाग के समस्त शिक्षकों तथा अपने सतत परिश्रम को दिया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने बधाई देते हुए कहा, यह सफलता आपकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। यह विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आप जहाँ भी कार्य करें, वहाँ अपनी उत्कृष्टता से इस विश्वविद्यालय की पहचान बनाए रखें। साथ ही विश्वविद्यालय और विभाग से सतत जुड़ाव बनाए रखें, ताकि आपकी सफलता अन्य विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर सके। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा शासकीय महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों के लिए सहायक प्राध्यापक पद हेतु लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से चयन प्रक्रिया आयोजित की जाती है। इन्हीं मापदंडों के आधार पर कु. रानू सोनी का अंतिम चयन हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कुलगुरु प्रो. रामशंकर, कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी, परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी प्रो. मनीषा तिवारी, प्रो. चेतना सिंह, सुपरवाइजर डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. शुभम यादव, डॉ. सौरभ शिवा, डॉ. जितेन्द्र सेन, डॉ. सिद्धार्थ मिश्र, डॉ. मुनीश नेगी सहित अंग्रेज़ी विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं शुभचिंतकों ने कु. रानू सोनी को बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## संदिग्ध हालत में मिला तेंदुए का शव
# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मचा हडक़ंप

उमरिया।



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर जोन में एक नर तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से वन विभाग और स्थानीय प्रशासन में हडक़ंप मच गया। यह घटना करौंदिया क्षेत्र के कक्ष क्रमांक पीएफ 619 की है, जहां सुबह क्षेत्रीय कर्मचारियों को गश्त के दौरान तेंदुए का शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच शुरू की गई। क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और डॉग स्क्वॉड की मदद से आसपास के इलाके में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही फील्ड स्टाफ द्वारा पैदल गश्त भी लगातार जारी है, ताकि किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि के संकेत मिल सकें।

पनपथा बफर परिक्षेत्र के अधिकारी एसएस मार्को ने बताया कि मृत तेंदुआ लगभग चार वर्ष का नर था। शव के परीक्षण के दौरान उसके शरीर पर बाहरी चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे यह मामला संदिग्ध बन गया है। वन्य चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम किया और आवश्यक नमूने सुरक्षित किए हैं। प्राथमिक जांच में किसी शिकारी जाल या अन्य अवैध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जो तेंदुए की मौत के वास्तविक कारण का खुलासा करेगी।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पतौर परिक्षेत्र में भी एक तेंदुए का कंकाल बरामद हुआ था, जो लगभग 12 दिन पुराना बताया गया था। इस घटना के बाद से ही टाइगर रिजर्व क्षेत्र में निगरानी और सख्ती बढ़ा दी गई थी, लेकिन अब एक और तेंदुए की मौत ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वन विभाग ने तेंदुए के शव का नियमानुसार अंतिम संस्कार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम के आधार पर यदि किसी प्रकार की आपराधिक साजिश की पुष्टि होती है, तो अज्ञात लोगों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। फिलहाल पूरा मामला जांच के अधीन है और वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस घटना से जुड़ी कोई जानकारी हो, तो वह तत्काल विभाग को सूचित करें, ताकि दोषियों को चिन्हित किया जा सके और इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## जनपद उपाध्यक्ष ने कमीशन के लिए किया शक्ति का उपयोग
### पोंगरी सरपंच सहित दर्जनों ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी



शहडोल।

जिले की सोहागपुर जनपद भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है, संभागायुक्त के आदेश के बावजूद उपयंत्री को रिश्वत काण्ड में बचाने का हुनर जनपद और जिला पंचायत से सीखा जा सकता है, वर्तमान में ग्राम पंचायत पोंगरी के सरपंच ने जनपद उपाध्यक्ष के विरूद्ध कमीशनखोरी का आरोप लगाया है, लेकिन किसी प्रकार की कार्यवाही न होना यह दर्शाता है कि पूरा सिस्टम इस कमीशन की भेंट चढ़ चुका है, जिनके पास इस भ्रष्ट सिस्टम पर अंकुश लगाने की शक्ति प्रशासन ने दी है, वह खुद ही ऐसे भ्रष्ट लोगों का सिर सहला रहे हैं। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होना नौकरशाहों की मनमानी को उजागर कर रहा है।

### यह कह रही महिला सरपंच

ग्राम पंचायत पोंगरी की सरपंच श्रीमती सरूपिया बाई बैगा ने आयुक्त को दी गई शिकायत में उल्लेख किया कि 30 मई की शाम 6 बजे शक्ति सिंह पिता ललन सिंह एवं अन्य दो व्यक्ति द्वारा ग्राम पंचायत पोंगरी में पिपाल टोला के पास आकर जहां तालाब गहारीकरण तथा सफाई का काम हो रहा था, मुझे जातिगत अपमानित करते हुए गली देते हुए काम बंद करने के लिए कहा और स्पष्ट कहा गया कि जब तक हमारा कमीशन निश्चित नही होगा, तब तक ग्राम पंचायत में कोई भी विकास एवं निर्माण का कार्य नहीं कर साकते हो, इस दौरान ग्राम पंचायत के लगभग 50-60 लोग मौजूद रहे तो, सभी लोगो के द्वारा शक्ति सिंह को मना किया जा रहा था की विकास कार्य को बंद मत कराइये तब शक्ति सिंह सभी लोगों को समूहिक रूप से गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा, उसने कहा यदि कोई लेबर मजदूर ग्राम पंचायत पोंगरी के विकास व निर्माण कार्य में कार्य किया तो मजदूरी भी नहीं मिलेगी।

### नहीं हुई किसी प्रकार की जांच

उपाध्यक्ष शक्ति सिंह ने द्वारा योजनाओं को चालू रखने के नाम पर कमीशन की मांग की जा रही है, शक्ति सिंह एवं अन्य दो के विरूद्ध आपराध पंजीबद्ध किया जाये। 30 मई को फरियादिया द्वारा शिकायत किये जाने के पश्चात घटना की जांच कर आपराध पंजीबद्ध न किये जाने के कारण पुलिस अधिक्षक को 31 मई को समस्त ग्रामवासी की मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को ज्ञापन देने के पश्चात घटना की जांच कर आज दिनांक अपराध पंजीबद्ध न किये जाने के कराण आपके समक्ष हम समस्त ग्रामवासी ज्ञापन दे रहे है तथा पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर हम समस्त ग्रामवासी रोष एवं दुख व्यक्त करते है।

### मुख्यमंत्री का करेंगे घेराव

सरपंच सहित ग्रामीणों ने आयुक्त को सौंपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया कि शक्ति सिंह के विरूद्ध 23 अपराध न्यायालय में विचाराधीन है, अगर 48 घंटे के अंदर पोंगरी के मामले में संज्ञान नहीं लिया गया तो, गोड, बैगा आदिवासी समुदाय के लोग जयस्तंभ के पास आमरण अनशन पर बैठने के लिये बाध्य रहेंगे और मुख्यमंत्री के उमरिया जिले में होने वाले आगमन पर शहडोल और उमरिया जिले के आदिवासियों द्वारा घेरव कर ज्ञापन सौंपा जायेगा, ताकि जिले की पुलिस कार्यप्रणाली की वास्तविक स्थित की जानकारी मुख्यमंत्री को हो सके।

# चार आरोपियों से रेलवे स्टेशन में मिला गांजा

शहडोल।



भारतीय रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपेरशन नारकोस के तहत शहडोल रेलवे स्टेशन पर एक सफल अभियान चलाते हुए 10.090 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपियों के पास से बरामद मादक पदार्थ की कुल बाजार मूल्य दो लाख से अधिक है। यह कार्रवाई आरपीएफ थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार तिवारी के नेतृत्व में की गई थी। आरपीएफ उप निरीक्षक आर.के. मीना और उनकी टीम ने रात के समय प्लेटफार्म नंबर-2/3 पर एक संदेहास्पद समूह को देखा। आरपीएफ की टीम ने संदेह के आधार पर चार व्यक्तियों की तलाशी ली, जिनके पास भूरे रंग के थैले से लिपटे पांच पैकेट्स में गांजा भरा हुआ था। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों में शैलेन्द्र पटेल, पिता रामलखन पटेल उम्र-32 वर्ष निवासी बाबूपुर, वार्ड नंबर-10, थाना रामनगर, राजा पटेल पिता वाल्मीक पटेल उम्र-32 वर्ष निवासी गोंदहा थाना रामनगर, अजय कुमार पटेल पिता हीरालाल पटेल उम्र-23 वर्ष निवासी इटमा कोठार थाना अमरपाटन तथा कोदू लाल यादव, पिता रामप्रवाह, उम्र-20 वर्ष निवासी बतैया थाना रामनगर जिला-मैहर शामिल है। आरपीएफ द्वारा की गई इस कार्रवाई में सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। उप निरीक्षक आर.के. मीना ने बताया सभी नियमों का पालन करते हुए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की है। यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी तरह की गलतफहमी न हो। गांजे को मौके पर जब्त किया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरोपियों और बरामद किए गए मादक पदार्थ को जीआरपी शहडोल को सौंप दिया गया। जीआरपी ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### पोस्ट आफिस में जमा राशि हड़पने वाला सलाखों के पीछे



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में फरियादी मनीष उपाध्याय द्वारा 07 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोपिका प्रसाद द्विवेदी शाखा डाकपाल शाखा डाकघर टिहकी 28 अगस्त 2021 को परिक्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा गठित निरीक्षण टीम के सदस्य अमित पटेल उपसंभागीय निरीक्षक डाकघर नैनपुर द्वारा शाखा डाकघर टिहकी का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें दैनिक लेखा में 28 अगस्त 2021 को 4 लाख 35 हजार 193 रुपये नगद राशि शेष होना दर्ज था। शाखा डाकपाल गोपिका प्रसाद द्विवेदी के द्वारा शाखा डाकघर टिहकी के लेखा रजिस्टर के अनुसार नगदी रकम सत्यापन के लिए प्रस्तुत करने को निर्देशित किये जाने पर उनके द्वारा उक्त रुपये प्रस्तुत नहीं किया गया। गोपिका प्रसाद द्विवेदी के द्वारा लेखा रजिस्टर के अनुसार उक्त नगदी रकम स्वयं के उपयोग मे खर्च कर शासकीय राशि का गबन किया गया है। रिपोर्ट पर धारा 409 ता.हि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना जप्त सुदा दस्तावेजों एव साक्ष्य से आरोपी गोपिका प्रसाद द्विवेदी के विरुद्ध अपराध धारा 409 ताहि प्रमाणित पाये जाने पर 02 जून को आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 13 जून को जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार कक्ष में जिला सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक 13 जून को सायं 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### सिविल सर्जन ने अस्पताल की रसोई के खाने की परखी गुणवत्ता



**उमरिया।** जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. के.सी.सोनी ने जिला चिकित्सालय की रसोई में मरीजों को वितरित होने वाले खाने का स्वाद चखकर उसकी गुणवत्ता परखी। इस दौरान आर एम ओ डा संदीप सिंहए डा मुकुल तिवारी ए डा राजीव लोचन द्विवेदी भी साथ थे। उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्ता युक्त खानें का ही वितरण किया जाए । इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए।

### कल जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईदुज्जुहा का पर्व 7 जून को मनाया जाना है । इस संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 5 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की है ।

### जनजागरूकता के लिए किया दीवार लेखन



**हरिभूमि न्यूज़ जमुना/बदरा।** 3 जुलाई को विकासखंड अनूपपुर सेक्टर क्रमांक 4 जमुना कॉलरी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सीएमसीएलडीपी छात्र नमरा फातिमा, शुभांशी द्वारा जनजागरूकता हेतु दीवार लेखन किया गया एवं शपथ भी दिलवाई गई।

---

## पुलिस उप महा निरीक्षक, कलेक्टर, सीईओ ने तैयारियों का लिया जायजा

# आज मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में पाली में होगा महासम्मेलन

**हरिभूमि, उमरिया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में पाली में पेशा ग्राम पंचायतों, ग्राम सभाओं के प्रतिनिधियों का महा सम्मेलन 4 जून को आयोजित होगा। पुलिस उप महा निरीक्षक शहडोल रेंज सविता सुहाने, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने तैयारियों का लिया जायजा।**





इस दौरान उन्होने कार्यक्रम स्थल, मंच व्यवस्था,पार्किंग व्यवस्था, सेफ हॉउस, ग्रीन हाउस, हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह, एसडीएम पाली अम्बिकेश प्रताप सिंह, तहसीलदार नौरोजाबाद अभ्यानंद शर्मा, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, दिलीप पांडेय, सुदामा विष्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व व्यवस्था से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चार कार्यो का करेंगे भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गोरैया पंचायत अंतर्गत पाली प्रोजेक्ट में आयोजित पेसा ग्राम पंचायतो, ग्राम सभाओ के प्रतिनिधियों के सम्मेलन में 14.71 करोड़ की लागत वाले चार कार्यो का भूमिपूजन करेंगे, जिसमें मानपुर विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका परिषद पाली में अमृत 2.0 अंतर्गत लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत नालो का डायवर्सन एवं एस टी पी निर्माण कार्य लागत 7 करोड़ रूपये, नगर पालिका परिषद मानपुर में एसबीएम 2.0 योजना के तहत तरल अपशिष्ट प्रबंधन लागत 5.57 करोड़ रूपये तथा बांधवगढ़ विधानसभा अंतर्गत धनवार में जिला उमरिया ब्लाक करकेली में शासकीय मिडिल स्कूल भवन धनवार का निर्माण कार्य लागत 1.39 करोड़ तथा नगर पालिका परिषद मानपुर में मानपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 नवीन कार्यालय भवन निर्माण लागत 0.75 करोड़ के कार्य शामिल है।

### 22 कार्यो का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री गोरैया पंचायत अंतर्गत पाली प्रोजेक्ट में आयोजित पेसा ग्राम पंचायतो, ग्राम सभाओ के प्रतिनिधियों के सम्मेलन में 39.14 करोड़ की लागत वाले 22 कार्यो का लोकार्पण करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री जिन कार्यो का लोकार्पण करेंगे उनमें ग्राम पौड़ी में 8.63 करोड़ की लागत वाले मानपुर अंतर्गत उमरिया जिले में पौंडी में पाली डिंडौरी मार्ग मे जोहिला नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य , ग्राम भिम्माडोंगरी में 7.81 करोड़ की लागत वाले सोहागपुर मानपुर मार्ग से एन एच 78 मार्ग, 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नरवार 25 में 5.88 करोड़ वाले कौडिय़ा से नरवार 25 , 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंसुरा में 3.7 करोड़ वाले जिला उमरिया ब्लाक मानपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मयजी टाईप, एच, टाईप क्वाटर्स भवन चंगेरा का निर्माण कार्य, 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जलधरा में 3.7 करोड़ वाले जिला उमरिया ब्लाक करकेली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खेरवाखुर्द में 0.87 करोड़ रूपये की लागत वाली नल जल प्रदाय योजनाओं का लोकार्पण करेंगे ।



### नल जल प्रदाय योजना का करेंगे लोकार्पण

90 मानपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम पटेहरा में 0.86 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम रोहनिया में 0.84 करोड़ वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम मझगवां में 0.79 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम मालाचुआ में 0.72 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम हथपुरा में 0.71 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम बस्कुटा में 0.67 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम बरहाई में 0.63 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम मझौली 0.62 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम माला में 0.61 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम कुदरीटोला में 0.52 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम घुंसु में 0.49 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम गोबराताल में 0.48 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना तथा ग्राम कुरावर में 0.48 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना का लोकार्पण करेंगे । इसी प्रकार 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काशपानी में 0.48 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, 90 मानपुर विधानसभा के ग्राम चाका में 0.47 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना तथा ग्राम गोरैया में 0.44 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना का लोकार्पण करेंगे ।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री भी कार्यक्रम में होंगे शामिल

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एक दिवसीय भ्रमण पर 4 जून को पाली आयेंगे। श्री पटेल 11.15 बजे सैनिक सोसायटी शक्ति नगर जबलपुर से प्रस्थान कर डुमना एयरपोर्ट जबलपुर पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजे डुमना एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री के साथ हेलीकाप्टर व्दारा प्रस्थान कर दोपहर 12.35 बजे पाली पहुंचेगे जहां पेसा क्षेत्र के प्रतिनिधियो के जागरूकता सम्मेलन कार्यक्रम में भाग लेंगे । दोपहर 3 बजे पाली से मुख्यमंत्री के साथ प्रस्थान कर दोपहर 3.45 बजे मनगवां हेलीपैड जिला रीवा पहुंचेंगे ।

---

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के दूर दराज से आये लोगो की समस्याओ को सुना तथा आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को शिकायत प्रेषित की । जनसुनवाई में राम कुमार सिंह ग्राम रहठा ने अचल संपत्ति पर अवैध रूप से जबरन कब्जा कर जबरन घर बनाने, मारपीट करने, दुलीचंद्र बैगा छोटी पाली ने कन्या आश्रम पाली गेट के पास लगे बास का भीरा कटवाने, मुन्नालाल यादव पाली ने भूमि का सीमांकन कराने, द्रोपती महोबिया ग्राम सस्तरा ने 2025 से लाड़ली बहना योजना का लाभ नही मिलने, शानू कचेर उमरिया ने सडक़ पर बन रहे सेफ्टी टैंक निर्माण में रोक लगाने, राजेन्द्र यादव ग्राम खैरा ने कपिलधारा कूप स्वीकृत कराने, संतोष सिंह ग्राम बड़ेरी ने भूमि की जांच , नाप कराने , दुली चौधरी ग्राम बस्कुटा ने खाद्यान्न पर्ची उपलब्ध कराने तथा राम प्रसाद रजक ग्राम पिपरिया ने जिला अस्प ताल उमरिया में कपड़ा धुलाई का भुगतान कराने संबंधी आवेदन दिया।

# पहल खुशी के तहत जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क राशन वितरण



**उमरिया।** जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा पल खुशी के तहत विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर विभिन्न जरूरतमंद बुजुर्गों निशुल्क राशन वितरण कर पहल खुशी को कुछ नए अंदाज से मनाने का प्रयास युवाओं की टोली ने किया है। पाली थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे के सहयोग से युवाओं ने 10 जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क राशन का वितरण किया। प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि युवाओं की यह पहल अत्यंत सराहनीय है इस पहल में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडऩा चाहिए और इन युवाओं का मार्गदर्शन और सहयोग करना चाहिए। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा टीम उमरिया के द्वारा खुशी पहल का आरंभ जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क राशन वितरण कर उनके चेहरे में खुशी लाने का प्रयास किया गया। युवाओ की टोली ने रविवार को बस्तियों में पहुंचकर निराश्रित परिवारों को सुखा चावल, दाल, सोयाबीन, आलू, मसाला, नमक, साबुन, तेल, माचिस, बिस्कुट पैकेट का वितरण किया। युवा टीम के सदस्यों द्वारा 20 से अधिक राशन पैकेट तैयार कर क्षेत्र में घूम घूम कर जरूरतमंद परिवारों को पैकेट का वितरण किया।उन्होंने कहा कि जो असहाय व उत्पन्न परिवार हैं वह भी इस प्रकार की आशाएं में होंगे।उन्हें खुशी देने के उद्देश्य युवाओं की टोली ने उन तक पहुंच कर उन्हें खुशी का पैकेट प्रदान कर खुशी देने का प्रयास किया। इस दौरान पाली थाना से प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, नेहा सिंह, एवं सभी उपस्थित रहे।

---

# संत रामपाल महाराज के सानिध्य में सत्संग का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** 1 जून कोयला नगरी में ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना। राजनगर, आमाडांड, डोला, रामनगर क्षेत्र के लोग चिरमिरी में आयोजित संत रामपाल जी महाराज के पावन सान्निध्य में एक दिवसीय विशाल सत्संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन में सम्मिलित हुए। यह आयोजन केवल आध्यात्मिक ज्ञान तक सीमित न रहकर सामाजिक चेतना और नैतिक मूल्यों के पुनर्जागरण का प्रेरणास्रोत बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे संत रामपाल जी महाराज के गुरुवाणी से हुई। उन्होंने परमात्मा की वास्तविक पहचान, सच्ची भक्ति विधि तथा मानव जीवन के परम उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आत्मिक ज्ञान से आलोकित किया। हजारों श्रद्धालु उनके वचनों से अभिभूत होकर जीवन के प्रति नई सोच और दिशा से ओत-प्रोत हुए। सत्संग कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान-जीवनदान की भावना को मूर्त रूप देते हुए एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 17 श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। आयोजकों के अनुसार, यह रक्त स्थानीय अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं हेतु उपयोग किया



जाएगा। यह सेवा-भावना समाज में जीवन रक्षक उदाहरण के रूप में सराही जा रही है। इसी क्रम में 6 श्रद्धालुओं ने मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प लिया, जिसे स्थानीय चिकित्सकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अत्यंत सराहनीय बताया। यह पहल समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और मानव सेवा की भावना को सुदृढ़ करती है। कार्यक्रम के दौरान तीन जोड़े ने सुमित्रा दासी- चंद्रपाल दास, सुलेखा दासी–नजेंद्र दास, तथा गायत्री दासी–वीरनाथ दास ने बिना दहेज और तामझाम के सादगीपूर्ण विवाह संपन्न किए। यह पहल दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध एक सशक्त संदेश बनकर उभरी और नई पीढ़ी के लिए अनुकरणीय आदर्श स्थापित किया। लगभग 5,000 श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। आयोजन स्थल पर अनुशासन, स्वच्छता और सुव्यवस्था की मिसाल देखने को मिली। महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय सहभागिता ने वातावरण को गरिमामय बना दिया। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और जनसुविधाओं के उत्तम प्रबंध किए गए, जिसकी सर्वत्र सराहना हुई। यह सत्संग न केवल धार्मिक दृष्टि से, अपितु नैतिकता, सेवा और सामाजिक जागरूकता के स्तर पर भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुआ। संत रामपाल जी महाराज की शिक्षाएं आज लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का कारण बन रही हैं। ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं-जहां आध्यात्मिक ज्ञान, सामाजिक सेवा और नैतिक जागरूकता एक साथ मिलकर संपूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं। चिरमिरी में संपन्न यह आयोजन एक प्रेरणास्त्रोत बन गया-जहां रक्तदान, देहदान और दहेजमुक्त विवाह जैसी पहलें स्पष्ट करती हैं कि जब धर्म समाजहित से जुड़ता है, तो परिवर्तन अवश्यंभावी होता है। यह आयोजन आने वाले समय में समाज सुधार की दिशा में एक सशक्त उदाहरण के रूप में स्मरणीय रहेगा।

# बदलते मौसम में रखें सेहत का ख्याल

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मानसून अभी आने में देरी है लेकिन प्री मानसून की दस्तक शुरू हो गई है सोमवार को शाम से मौसम में बदलाव देखने को मिला आसमान में बादल छाए हुए थे जिसके कारण उमसभरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल था। सोमवार की रात्रि में तेज हवा चलने के साथ ही आधे घंटे तक बारिश हुई किसके कारण पूछा तक लोगों को गर्मी से राहत मिली मौसम में ठंडक घुल गई थी। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप निकली हुई थी जिसके कारण धूप लोगों को जल रही थी दोपहर बाद मौसम में फिर परिवर्तन आया और कुछ देर के लिए आसमान में घने बादल छा गए। बदलते मौसम के कारण लोगों को मौसमी बीमारी होने का अंदेशा भी बना हुआ है। प्रतिदिन बदलते मौसम को देखते हुए आप लोग जल्द ही मानसून आने का इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को दोपहर में अनूपपुर कोतमा के बीच बारिश भी हुई जिसके कारण फिर से एक बार मौसम में परिवर्तन देखने को मिला। दोपहर बाद तेज धूप निकलने के कारण लोगों का हाल उमसभरी गर्मी के कारण बेहाल था। अचानक गर्मी के बीच हुई बारिश से सेहत को नुकसान हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मौसमी बीमारियों से बचने की सलाह दे रहे हैं। बदलता मौसम खतरनाक हो जाता है। आम बोल चाल की भाषा में इसे ठंडा गरम कहते हैं। आमतौर पर साल के इस महीने अच्छी खासी गर्मी पड़ने लगती है. इस वक्त तक लोग खुद को अच्छी खासी गर्मी के हिसाब से ढाल चुके होते हैं. फ्रिज में पानी की बोतलें भर दी जाती हैं और लोग मटके का पानी पीना शुरू कर देते हैं, लेकिन इस बार स्थिति अलग है गर्मी के महीने में अचानक से बरसात और ठंड पड़ने लगी है। अचानक आई इस ठंडी बरसात ने लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रखी हैं। महिला चिकित्सक डॉक्टर नैंसी पांडे का कहना है कि बदलते मौसम के खतरे और बारिश में खुद को हेल्दी रखने के तौर तरीके आम लोगों को जान लेना चाहिए कि कैसे ऐसे मौसम से बचा जा सके। बदलते मौसम के कारण बीमारियां फैलने की आशंका सबसे ज्यादा डाक्टर नैंसी पांण्डेय का कहना है कि दरअसल, अचानक आई इस गर्मी के बीच ठंड और बारिश से थर्मल डिसबैलेंस होता है. इसे हम तापमान में बदलाव भी कह सकते हैं. गर्मी के दिनों में पढ़ रही हल्की ठंडी सुहावनी भले लगे, लेकिन इससे कई खतरे भी हैं. बदलता हुआ तापमान यानी थर्मल डिसबैलेंस फ्लू और वायरस के फैलने का सबसे सही समय होता है. इस समय ऐसी बीमारियां फैलने की आशंका सबसे ज्यादा होती हैं. ऐसे वक्त में कई तरह के इनफेक्शंस भी हो सकते हैं. अभी हुई सर्दी खासी लंबे समय तक टिक सकती है ।



**बारिश से तापमान में अचानक गिरावट**

बारिश की वजह से तापमान में अचानक गिरावट आई है और हमारी बॉडी अचानक हुए इस बदलाव के लिए तैयार नहीं है. ऐसे में बीमार पड़ने की आशंका काफी अधिक हो जाती है. कोरोना महामारी ने बड़ी आबादी की इम्यूनिटी को कमजोर कर दिया है. ऐसे में बदलता मौसम खतरनाक हो जाता है. आम बोल चाल की भाषा में इसे ठंडा गरम कहते हैं. इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए. बच्चों और बुजुर्गों पर खास ध्यान देने की जरूरत है ।

बेमौसम में रखें इन बातों का ध्यान बॉडी को खुली हवा से बचाएं– इस मौसम में तेज हवाएं चलती हैं हवाएं काफी ठंडी होती हैं। इससे नुकसान हो सकता है। यह हवा बीमार कर सकती है पूरे शरीर को ढककर कपड़े पहनें– आंख, कान, नाक, मुंह को अच्छे से ढकें– रात को सोते समय पंखा, कूलर या एसी में सोते वक्त एक चादर अवश्य ओढ़ें– शरीर को गर्म रखने की कोशिश करें। गर्मी आते ही लोग खान पान में ठंडी चीजों को शामिल कर लेते हैं, लेकिन बेमौसम आई इस ठंड में कुछ दिनों के लिए इन चीजों का परहेज करना ही सही है। अभी के वक्त में विटामिन से भरपूर चीजों का सेवन करें।

# विश्व साइकिल दिवसः आज भी बुजुर्ग-युवा साइकिल चलाने का शौक रखते हैं

### साइकिल चलाने से स्वस्थ तन स्वस्थ मन, अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** 3 जून विश्व साइकिल दिवस मनाया जा रहा है साइकिल चलाने के कई फायदे हैं इससे व्यक्त पूरी तरह से फिट रहता है स्वस्थ तन स्वस्थ मन रहता है हाथ पैर के जोड़ों में दर्द नहीं रहता साइकिल से पर्यावरण भी बेहतर रहता है कोई प्रदूषण नहीं फैलता। साइकिल चलाने को लेकर बुजुर्ग एवं युवा सभी आज भी शौक रखते हैं उनका मानना है कि साइकिल चलाने से आदमी पूरी तरह स्वस्थ रहता है आजकल तो चिकित्सक की सलाह पर जिम में जाकर साइकिल चलाते हैं व्यायाम साला जाना पड़ता है साइकिल चलाने को लेकर लोगों में अपने-अपने विचार हैं लेकिन सभी का मतलब एक ही है। महेश महोबिया पिता मंगलू महोबिया उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 7 बांधा अमरकंटक शिक्षा आईटीआई मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक रिपेयरिंग का डेढ़ वर्ष का कोर्स किया है भाई छोटा है आठवीं कक्षा में अध्यनर छहत है अपना घर परिवार चलाता है। सात आठ माह से साइकिल रिपेयरिंग का कार्य करता है इससे उसे लगभग तीन हजार रुपए का काम कर लेता है लाभ के रूप में चार पांच सौ रू बच जाते हैं महीने में लगभग 15- 16 हजार रुपए कमा लेता है। साइकिल में लगने वाला सामान लाकर बेचता है तथा बिगड़े साइकिल का समान लगाकर मरम्मत सुधार कर देता है दिन प्रतिदिन साइकिल का काम काम होता जा रहा है। महेश महोबिया ने कहा कि साइकिल चलाना चाहिए इससे तन मन स्वस्थ रहता है आदमी प्रसन्न रहता है इससे खून का संचार बना रहता है और खून साफ रहता है उसने कहा कि वह स्वतः भी लगभग 10 किलोमीटर प्रत्येक दिन साइकिल चलाते हैं। महेश महोबिया का कहना है कि सभी को साइकिल चलाना चाहिए इससे मांस पेशियां घुटने बराबर काम करते हैं शरीर हष्ट पुष्ट स्वस्थ रहता है उसने आगे कहा कि मोटरसाइकिल के चलते काम काम आता है मोटरसाइकिल का भी काम कर लेता है। पिताजी राजमिस्त्री का काम करते हैं वह डिंडोरी जिले में रहकर प्रधान मंत्री आवास में काम कर रहे हैं तथा सीएम राइस स्कूल का काम चल रहा है उसमें काम कर रहे हैं। पवित्र नगरी अमरकंटक वार्ड क्रमांक 6 बांधा बस्ती अमरकंटक के बलीराम केवट पिता बुद्ध सिंह केवट उम्र 73 वर्ष के नगर परिषद अमरकंटक के प्रथम अध्यक्ष एवं पार्षद रह चुके हैं आने जाने का कार्य साइकिल से ही करते हैं कहीं भी आते जाते हैं साइकिल से आते जाते हैं वह पूरी तरह के स्वस्थ हैं उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से मैं पूरी तरह तंदुरुस्त हूं नियमित वॉलीबॉल खेलते हूं आने जाने में खेलने में थकान नहीं होती हाथ पैर में दर्द नहीं होता बच्चों को आज भी वॉलीबॉल खेल सिखाते हैं वह स्वत है भी वॉलीबॉल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके हैं किसी तरह का नशा नहीं करते उन्होंने संदेश में कहा कि सभी को साइकिल चलाना चाहिए इससे अस्पताल जाने की नौबत नहीं आएगी। साइकिल चलाने से निरोगी काया रहेगी अस्पताल का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा पर्यावरण प्रभावित नहीं होता। हाथ पैर की जोड़ो के दर्द से दूर रहेंगे। राजेश यादव पिता अमर लाल यादव निवासी वार्ड क्रमांक 6 गुम्मा घाटी अमरकंटक के मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं आना-जाना साइकिल से करते हैं। राजेश यादव कहते हैं कि मेरे तंदुरुस्ती का राज साइकिल चलाना है मैं पूरी तरह से हष्ट पुष्ट हूं किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती। पूरी तरीके से फिट हूँ। राजेश यादव ने कहा कि मेरे पिता जी अमर लाल यादव नगर परिषद के उपाध्यक्ष रह चुके हैं वह भी साइकिल से दूध लाना ले जाना बेचने का काम करते थे आज भी पूरी तरह से स्वस्थ हैं प्रसन्न रहते है । आयुष मरावी पिता भगवान सिंह मरावी उम्र 16 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 बराती अमरकंटक कक्षा नौवीं में पढ़ते हैं घर से विद्यालय आना जाना तथा बाजार सामान लेने के लिए साइकिल से आते जाते हैं नवयुवक आयुष मरावी ने कहा कि सभी को साइकिल चलाना चाहिए इससे आपको कभी भी रोग नहीं घेरेगा। गेंद लाल यादव बब्बू पिता छोटे लाल यादव उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 अमरकंटक के मुख्य मार्ग शॉपिंग सेंटर ए 7 में मोटरसाइकिल एवं साइकिल रिपेयरिंग का काम करते हैं साइकिल मरम्मत का बहुत काम आता है । बब्बू यादव ने कहा कि उनके पिताजी 30-35 वर्ष तक साइकिल मरम्मत का काम करते थे अब वृद्ध हो गए हैं इसलिए घर पर रहते हैं हम दो भाई टेक चंद यादव के साथ काम करते हैं अब साइकिल का जमाना नहीं रहा बहुत काम काम आता है फिर भी अमरकंटक में युवा बुजुर्ग लोग साइकिल शौकिया रूप में चलाते हैं। साइकिल चलाना चाहिए इससे कभी बीमारी नहीं घेरती हमारे बुजुर्ग लोग साइकिल से ही आते जाते थे दूध बेचते थे।



## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिलेगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिये आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया, राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर प्रारंभ हो चुकी है। यह पुरस्कार प्रति वर्ष बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाता है। इस पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2025 तक) जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिये पात्र है। नामांकन /आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जायेगें। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशों, दोनों पर विचार किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### खेत तालाब बनने से दूर होंगे परेशानियां

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बरमनी की निवासी मुन्नीबाई पति केशव सिंह गोंड को मनरेगा के तहत खेत तालाब स्वीकृत किया गया है। इस कार्य की लागत 1 लाख 48 हजार रूपये है। खेत तालाब स्वीकृत होने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए मुन्नीबाई ने कहा कि पहले पानी के अभाव में खेती नहीं हो पाती थी। खेत तालाब बनने से अब में संचित जल से फसलों की सिंचाई कर सकूँगी। साथ ही मछली पालन करने से अतिरिक्त आय भी अर्जित होगी। इसके अलावा पानी की उपलब्धता होने से पारंपरिक फसलों के अलावा सब्जियां एवं फल जैसी अधिक मूल्यवान फसलें भी ले सकूँगी। इससे न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि काम की तलाश में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। साथ ही मनरेगा योजना के तहत खेत तालाब बनने से मुझे एवं मेरे परिवार को मजदूरी भी मिल रही है।

### मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला



**कटनी।** एक युवक ने मामूली विवाद मे दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घटना मे युवक गंभीर रुप से घायल हुआ है। घटना एनकेजे थाना क्षेत्र के बजरंग कालोनी में हुई। जानकारी के अनुसार चंद्रलोक मौर्य पिता जय चंद मौर्य 30 बर्ष निवासी बजरंग कालोनी थाना एनकेजे अपने घर के समीप खडे थे। तभी बजरंग कालोनी के हि एक युवक रविकांत यादव आकर उनसे विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने चंद्र लोक पर चाकू से हमला कर दिया जिससे चंद्र लोक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना कि जानकारी लगते हि एनकेजे पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया जहाँ वह इलाजरत है। वही आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## सीसी सड़क निर्माण में तकनीकी मापदण्डों की उड़ी धज्जियां

# करकटी में बह रहा भ्रष्टाचार का रेला

### अधिकारियों से मिलता है भ्रष्ट कर्मचारियों को संरक्षण

किसी जमाने में पंचों को परमेश्वर कहा जाता था, लेकिन वह दौर अब गुजर चुका है, अब तो पंचयती राज भगवान भरोसे चल रहा है, पंचायतों में सरकारी खजाने से आने वाली राशि की बंदरबांट का खेल जारी है, इसमें सरकारी कर्मचारियों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों में ज्यादा कमाई करने की होड़ लगी है। पंचायत के जिम्मेदार आंख बंद कर सरकार के खजाने को बट्टा लगा रहे हैं। राशि हड़पने की शिकायतें सरकार तक पहुंचती है, लेकिन नेताओं की छत्रछाया के चलते कार्यवाही टल जाती है।

शहडोल।



सरकार की तमाम सख्ती के बावजूद सोहागपुर की ग्राम पंचायतों में फर्जीवाड़ा और घोटाला थमने का नाम नहीं ले रहा है, अक्सर ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यो में घोटाले की खबरे सामने आती रहती है, ग्रामीण क्षेत्रों की भोली-भाली जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि अर्थात सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्यों में तकनीकी मापदण्डों एवं कायदों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होना कहीं न कहीं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

### यह था मामला

जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत करकटी में 15 वित्त नरेगा के तहत सीसी रोड निर्माण कार्य में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायत 09 अप्रैल को संभागायुक्त से की गई थी, ग्रामीणों ने शिकायत में उल्लेख किया था कि सीसी सडक़ निर्माण में उपयंत्री की मिली भगत से लायसेंसी ठेकेदारों से कार्य न करवा कर दबंगो द्वारा कार्य करवाया गया है, सीसी रोड के साथ नाली निर्माण में बेस में स्टीमेट के अनुसार कार्य नहीं हुआ है, जिसकी जांच की जाये और उसके बाद ही निर्माण कार्य का भुगतान हो, लेकिन मामले में अब तक कुछ नहीं हो सका।

### जल गंगा संवर्धन में खेल

ग्रामीणों ने बीते दिनों कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत करकटी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा कार्य मजदूरो द्वारा कराया जाना था, जिसमें मोहल्ला के मजदूरों द्वारा 3 सप्ताह कार्य किया गया है, जिसका भुगतान आज तक नहीं हुआ है, जबकि मस्टर जारी किया गया है। वर्तमान में जल गंगा संवर्धन कार्यो में मशीनों से कार्य लिया जा रहा है, जिसकी जानकारी होने के बाद स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो, दबंगो द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया।

### भ्रष्ट कर्मचारियों को अभयदान


भ्रष्टाचार को हम एक पंक्ति में परिभाषित नहीं कर सकते, किसी भी समाज में जब व्यवस्थाओं पर नियंत्रण करने वाले अनियंत्रित हो जाते हैं तो इसकी परिणति भ्रष्टाचार के रूप में होती है, जैसा कि हम देख रहे हैं। असल में हमारी बुनियाद ही खोखली है। करकटी पंचायत में भ्रष्टाचार का रेला बह रहा है, लेकिन जिनके हाथों में इन्हें रोकने की जिम्मेदारी है, ऐसा लगता है उन्हें पंचायत के विकास से कोई सरोकार नहीं है। ऐसा नहीं है कि यह खेल चोरी छुपे चल रहा हो, सबकुछ जनपद के जिम्मेदारों के संरक्षण में चल रहा है, पूर्व में भी सोहागपुर जनपद में कई भ्रष्टाचार के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों ने भ्रष्ट कर्मचारियों को अभयदान दिया हुआ है।

## वार्ड 5 में हादसा: जर्जर छानी गिरने से मोहम्मद तालीम घायल

### चार साल से पीएम आवास योजना के लिए चक्कर काट रहे, अब भी वंचित

धनपुरी।









वार्ड क्रमांक 5 निवासी मोहम्मद तालीम सोमवार-मंगलवार दरम्यानी रात बरशात हो रही थी और करीब 1:30 बजे उस समय घायल हो गए जब उनका जर्जर मकान भरभरा कर गिर पड़ा। तालीम ने बताया कि वे छानीनुमा मकान में सो रहे थे तभी अचानक बल्लियां टूट गईं और पूरा छप्पर उनके ऊपर गिर पड़ा। हादसे में उनके सिर पर गहरी चोट लगी और हाथ-पैर में भी गंभीर चोटें आईं। गनीमत रही कि जान बच गई।चार साल से पीएम आवास से वन्चित मोहम्मद तालीम ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से इस जर्जर छानी में रह रहे हैं और पूरी तरह बेरोजगार हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत उन्होंने 4 साल पहले आवेदन किया था, लेकिन आज तक मकान की स्वीकृति नहीं मिली। नगर पालिका के लगातार चक्कर काटते रहे, पर हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। तालीम ने बताया कि कई अन्य लोगों को योजना का लाभ मिल गया जबकि वे अब भी इंतजार कर रहे हैं।रहने,सोने का ठिकाना नहीं,तालीम ने बताया कि अब उनके पास न रहने के लिए सुरक्षित मकान है, न ही सोने के लिए कोई कमरा बचा है। बरसात नजदीक है और ऐसे में यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने हाल ही में एक बार फिर ऑनलाइन आवेदन किया है लेकिन कब तक इंतजार करना पड़ेगा, इसका कोई भरोसा नहीं।वार्ड में उजागर हुई नगर पालिका की लापरवाही, जरूरतमंदों को नहीं मिला योजना का लाभ स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में कई ऐसे गरीब और जरूरतमंद लोग हैं, जिन्हें अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। वहीं कुछ लोगों ने योजना का लाभ लेकर आलीशान मकान खड़े कर लिए हैं। नगर पालिका की सर्वे टीम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं*??मांग: नगर पालिका द्वारा हो निष्पक्ष सर्वे, वंचितों को मिले लाभ नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका को वार्ड में फिर से निष्पक्ष सर्वे कराना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वास्तव में जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिले। साथ ही वंचित लोगों को योजना की प्रगति की जानकारी दी जाए ताकि वे भी सम्मानजनक जीवन जी सकें।

## नगर में स्वच्छता के लिए निगम प्रशासन द्वारा दो शिफ्ट में की जा रही साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर की स्वच्छता और सुन्दरता को सुचारू बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा दो शिफ्ट में सार्वजनिक मार्गो एवं नाले - नालियों की सफाई के सार्थक प्रयास किये जा रहे है। वहीं घरों व दुकानों में कूड़ेदान को रखकर उसी में घरों व दुकानों से निकलने वाले कूड़े को डालनें तथा सार्वजनिक स्थलों पर फेंकने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जा रही है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य अमले के माध्यम से दो शिफ्ट में नगरीय एवं उपनगरीय वार्डो के सार्वजनिक मार्गो सहित बाजार क्षेत्रों एवं अन्य मार्गो में झाडू का कार्य कराया जाकर एकत्रित कचरे को संग्रहित कर उसका निष्पादन कराया जा रहा है। प्रातःकालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न स्थलों मिशन चौक, सुभाष चौक, स्टेशन रोड, झंडा बाजार, एसबीआई तिराहा, शासकीय चिकित्सालय मार्ग, मिशन चौक ओव्हर ब्रिज, बस स्टेंड परिसर, रैन बसेरा आश्रय स्थल मुक्तिधाम परिसर, वार्ड क्रमांक 34 छपरवाह पार्क परिसर सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो की सफाई का कार्य कराया गया। वहीं रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान रोड़ स्वीपिंग मशीन से फायर स्टेशन मार्ग, पुरानी कचहरी मार्ग की सफाई सहित स्वच्छता दूतों द्वारा विभिन्न मार्गो को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

## किराना एवं जनरल स्टोर्स में दवाईयों का विक्रय बंद कराने कार्यवाही की करेंगे मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



बरही में एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन संगठन की मीटिंग का आयोजन जिला अध्यक्ष कपिल देव गुप्ता के तत्वाधान में विधायक कार्यालय में वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में हुई। जिला अध्यक्ष सहित बरही बीजेपी मंडल अध्यक्ष डॉ जगदीश गुप्ता एवं महामंत्री पी डी ताम्रकार का स्वागत किया गया। फार्मासिस्ट एवं दवा व्यापारियों को रोजमर्रा में समस्याएं उठाई गई एवं उसमें निराकरण के लिए उपाय दिए गए हमारी जिले में कुछ मांगे हैं सभी फार्मेसिस्ट एवं दवा व्यापारी बंधुओ ने एक स्वर में अपनी मांगों को उठाया जिसमे जहां भी दवा का संचालन हो वहां फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य हो एवं दवाइयां का होलसेल के द्वारा किसी भी डॉक्टर को दवाई सीधे तौर पर ना दी जाए नहीं तो उनके खिलाफ संगठन एकजुट होकर पुरजोर विरोध करेगा और कार्यवाही के लिए बाध्य करेगा।

जिले में किराना दुकान एवं जनरल स्टोर्स में दवाइयां का विक्रय ना हो इसके खिलाफ सब एकजुट होकर ड्रग इंस्पेक्टर को पत्र लिखेंगे अगर कार्यवाही नहीं होती है तो आंदोलन किया जाएगा। एवं संगठन को मजबूत करने के लिए सबको प्रेरित किया गया। एवं फार्मासिस्ट की प्रदेश टीम से मांग की गई फार्मेसी काउंसिल में रजिस्ट्रेशन और रेनवाल सुचारू रूप से हो इसकी भी मांग की गई। मीटिंग में सबसे वरिष्ठ मार्ग दर्शक केएल सोनी, श्रीराम शंकर गुप्ता, सुभाष अग्रवाल] माधव गुप्ता, सनथ गौतम, सुभाष पटेल प्रसून अग्रवाल, सिद्धार्थ गुप्ता, चंद्र प्रकाश, राजेश शुक्ला,रामेश्वर गुप्ता कृष्ण कुमार यादव , नवीन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सीसीटीवी में दिखी पुलिस की मौजूदगी, समय पर इलाज न मिलने पर उठे सवाल

# सड़क पर लेटे शराबी को टू-व्हीलर ने रौंदा, मौत

धनपुरी।



नगर के वार्ड क्रमांक 3 निवासी संतोष कुमार लोधी (उम्र 55 वर्ष) की रविवार सोमवार की दरम्यानी रात एक हादसे में मौत हो गई। घटना वार्ड नंबर 22 पार्षद घर के सामने रोड की है, जहां संतोष नशे की हालत में सड़क पर पडा हुए थे। इसी दौरान एक रफ्तार टू-व्हीलर वाहन उनके ऊपर से गुजर गया।हादसे के बाद संतोष को मौके पर ही गंभीर चोटें आईं। सोमवार सुबह उनका शव सड़क किनारे मिला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वे घटना के समय जीवित थे, लेकिन समय पर इलाज नहीं मिल पाने से उनकी मौत हो गई। यह बात पास में लगे सीसीटीवी कैमरों से सामने आई।सीसीटीवी फुटेज में पुलिस की मौजूदगी, लेकिन इलाज नहीं मिलासीसीटीवी फुटेज के अनुसार, हादसे के बाद रात करीब 3 बजे पुलिस की एक गश्ती टीम घटनास्थल वार्ड नंबर 22 पार्षद घर के पास से गुज़री। फुटेज में दिखता है कि पुलिसकर्मियों ने संतोष को सड़क से हटाकर किनारे किया, लेकिन उन्हें किसी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता नहीं दी गई। इससे नगर में यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि अगर समय पर प्राथमिक उपचार या अस्पताल पहुंचाया जाता, तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी।परिवार पहले से परेशान,मृतक संतोष लोधी अपने परिवार में इकलौते कमाने वाले थे। उनकी पत्नी ममता और दो संतानें हैं — एक 18 वर्षीय पुत्र और 16 वर्षीय पुत्री, जो दोनों ही मूक-बधिर हैं। एक वर्ष पूर्व उनका बड़ा बेटा सांप के काटने से असमय मृत्यु का शिकार हो गया था। संतोष बैंक ऑफ बड़ौदा के पास स्थित एक दुकान चला कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे।प्रशासन से जांच और सहायता की मांगनगर के नागरिकों और मृतक के परिजनों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और मुआवज़े की मांग की है। साथ ही पुलिस की भूमिका की भी समीक्षा की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## 12.30 बजे पेशा एक्ट के तहत जन सभा को करेंगे संबोधित

# मुख्यमंत्री मोहन यादव का आगमन आज



बिरसिहपुर पाली

मुख्यमंत्री मोहन यादव के उमरिया जिले की पाली जनपद पंचायत के गोरईया ग्राम पंचायत में आगमन की तैयारियां लगभग पूरी हो गयी है। इस बाबत सभा स्थल और हैली पैड सज कर तैयार हो गया है। सभा स्थल और हैली पैड की व्यवस्था का जायजा पल -पल मे जिले के कलेक्टर धरणेंद्र जैन, प्रभारी पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकेश प्रताप सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिव चरण बोहित, के साथ सभी जिम्मेदार अधिकारियों के व्दारा सतत रूप से तैयारियां में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए पुलिस उप महा निरीक्षक श्रीमती सविता सुहाने ने बतलाया की मुख्यमंत्री जी के आगमन की तैयारियां पूरी कर ली गयी है ।आपने बताया कि सुरक्षा मापदण्ड के सभी पैमाने से जांच परख ली गई है, जगह जगह पर सुरक्षा बल तैनात किये गए हैं।कल मोहन यादव जी पेशा एक्ट के तहत जन सभा को संबोधित करेंगे।इस जन सभा में लगभग 25000 हजार लोगों के पहुचने का अनुमान बताया जाता है

### मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपकर समस्याओं के समाधन की मांग करेंगी काग्रेस

**बिरसिंहपुर पाली** मुख्यमंत्री के पाली प्रवास के दौरान पाली नगर और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर काग्रेस ज्ञापन सौपकर उनके समाधान की मांग करेंगी। उक्ताशय की जानकारी काग्रेस ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर दी है। पत्रकार वार्ता में काग्रेस की ओर से जानकारी देते हुए बतलाया कि पाली नगर और आसपास के क्षेत्र की समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री जी को सौंपकर निदान की मांग काग्रेस करेंगी उनमें प्रमुख रूप से संजय गाँधी ताप परियोजना में 600 मेगावाट की नयी ईकाई स्थापित की जाय जिसकी घोषणा देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी जी ने पांच सौ मेगावाट ईकाई कै लोकार्पण के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष की थी जिस पर अमल होना आज भी शेष है, अतः उक्त परियोजना को जल्द से क्रियान्वित किया जाये, ताकि क्षेत्रीय लोगो को रोजगार उपलब्ध हो सकें, इसके साथ ही काग्रेस ने अपने मांग पत्र में पाली की सीमा से लगे रायपुर -कुम्हर्रा के बीच बाधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान का एक व्दार बनाया जाये ताकि पर्यटन मे वृद्धि हो सकें। इसके साथ ही काग्रेस ने पाली तहसील में खुल रही कोयला खदानों में जिन कृषकों की भूमि अधिग्रहित की जाये उन किसानों के लिए उचित मुआवजा और नौकरी उपलब्ध कराते हुए क्षेत्र के विकास को गति दी जानी चाहिए।छात्र छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए शासकीय बिरासनी महाविद्यालय पाली में कभी भी बी- काम और एम एस सी संकाय का संचालन नहीं किया जा रहा है जिससे छात्रों को अध्ययन के लिए बाहर जाना पड़ता है अतः आगामी सत्र से इन संकाय की कक्षाएं संचालित की जाये। इस मांग पत्र में पाली नगर का नाम बिरासनी धाम रखे जाने की है, जिसकी वैधानिक कार्यवाही लगभग पूर्ण की जा चुकी है, सिर्फ क्रियान्वयन होना बाकी है, आदि मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेगी। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के जिला संगठन मंत्री संजीव खण्डेलवाल, पार्षद कृष्ण कांत अवधिया, रवि मिश्रा, भोला साहू, सनू प्रकाश उपाध्याय, श्री मती सिया बाई कोल इत्यादि काग्रेस जन मौजूद रहे।

### पत्रकार वार्ता आयोजित कर दी जानकारी






### पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा पर मुख्यमंत्री लगा सकते हैं पंखपाली नगर को मिनी स्माट सिटी का सपना कब होगा साकार

**बिरसिहपुर पाली** उमरिया जिले की पाली एवं चंदिया नगर पालिका को मिनी स्माट सिटी की घोषणा तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक आम सभा में 22 सिंतबर 2022 को की थी, इसे घोषणा हुए तकरीबन तीन वर्ष पूरे होने को है, लेकिन उस पर अमल होना अभी भी बाकी है। अवसर था नगरीय चुनाव का था, जिसमें शिवराज सिंह चौहान भाजपा के पक्ष में प्रचार करने के लिए पाली पहुंचे थे और आम जनता से भाजपा को विजयी बनाने के एवज में यह उपहार पाली नगर वासियों को दी गई थी।मालुम होवे की पाली नगर की जनता ने मुख्यमंत्री की बात पर विश्वास कर पाली में भाजपा की नगर सरकार बना दी , अब बारी थी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जो वर्तमान में केन्द्रीय मंत्री के पद पर अभी भी आसीन हैं । लोगों का मानना है कि शायद मध्यप्रदेश की कमान उनके हाथ होती तो तस्वीर कुछ और ही होती, लेकिन वर्तमान में यह दायित्व मोहन यादव जी के पास है। ध्यान देने योग्य है कि एक मिनी स्माट सिटी में कौन सी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए और हम उस मुकाम को कितना हासिल कर पाये है। मिनी स्माट सिटी में प्रारंभिक तौर पर सडक मार्ग जिसमें फुटपाथ अलग से होना चाहिए, परिवहन जो सार्वजनिक हो, बेहतर शिक्षा,उत्तम स्वास्थ्य सेवायें, आडिटोरियम, विकसित खेल मैदान, पर्यावरण एवं पर्यटन की सुविधा, और मुफ्त में इंटरनेट सुविधाओं से स्वच्छ और सुसज्जित नगर आदि सुविधाएं शामिल है, लेकिन हम विकास के इन सोपनो से कोसो दूर जहाँ से चले थे आज भी वही पर खड़े खड़े नजर आ रहे हैं।ऐसा नहीं कहा जा सकता कि वर्तमान परिषद में विकास कार्य नहीं हुए, लेकिन वही विकास कार्य हुए जो एक आम नगर पालिकाओं में देखने में आते हैं। जबकि पाली नगर पालिका को न तो मिनी स्टार बनाये जाने के लिए अतिरिक्त बजट आवंटित हुआ और न ही ऐसी पहल हुई की जिससे पाली नगर मिनी स्माट सिटी की रफ्तार मे शामिल हो सकें। अभी हाल में ही मुख्यमंत्री मोहन यादव जी का दौरा उमरिया जिले के पाली विकास खंड के पाली से लगे गोरईया ग्राम पंचायत में होना प्रस्तावित है,



## खबर संक्षेप

### कोतमा की बेटी स्वाती ने किया प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन और रखा अपना पक्ष



**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर।** भोपाल प्रवास के दौरान कोतमा की बेटी सिकल सेल योद्धा स्वाती पनिका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते हुए सिकल सेल रोग से पीड़ित लोगों के अधिकारों और जरूरतों की वकालत की,जिस पर श्री मोदी ने हाथ जोड़कर स्वाती पनिका के बातों पर सहमति व्यक्त की। विदित हो कि भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कोतमा में कार्यरत उच्च श्रेणी सहायक एवं शहडोल डिवीज़न इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन की अध्यक्ष संतोषी देवी पनिका की पुत्री स्वाति पनिका स्वयं भी सिकल सेल से पीड़ित हैं और कई बार जिंदगी से जंग जीतने में सफलता अर्जित कर चुकी हैं, बावजूद इसके वो समाज सेवी संस्थाओं के साथ जुड़कर सिकल सेल रोगियों की देखभाल में सुधार, शिक्षा, अनुसंधान और वकालत के माध्यम से सिकल सेल रोग से प्रभावित लोगों की मदद करती है। स्वाति ने बताया कि वो सिकल सेल से पीड़ति लोगों के हितों की लड़ाई अपनी अंतिम सांस तक लड़ती रहेंगी।

### बैंक कर्मचारियों की मनमानी से लोगों को हो रही परेशानी

**सिलौंडी।** सिलौंडी के सेंट्रल बैंक में इस समय कर्मचारियों की मनमानी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कैश काउंटर निर्धारित समय 10 बजे नही खुलता है। एक घंटे बाद लगभग 11 बजे कैश काउंटर खुलता है जिसके कारण लोगों को दिक्कत हो रही है । पिछले तीन चार दिनों से निकासी पर्ची भी नही मिलने के कारण परेशान हो रही है । प्रशांत राय, सुग्रवीन वंशकार ,गोलू जैन के बताया कि सेंट्रल बैंक में अधिकांश समय कैश ना होने की समस्या बनी रहती है । सिर्फ दो कर्मचारी समय पर आते है अभी कर्मचारी अप डाउन करने के कारण लगभग 10.30 बजे आते है । बैक मैनेजर सर स्वयं 10.30 बजे आते है लोगों घंटो गर्मी में परेशान होते है । बैक में पानी पीने की भी व्यवस्था नहीं है लगभग 30 गावों के लोगो के खाते सिलौंडी सेंट्रल बैंक में है। कैश काउंटर रोज ही लगभग 10.50 से 11 बजे के बीच खुलता है ।

### चाकू लेकर घूमते तीन बदमाशों को पकड़ा

**कटनी।** चाकू लेकर घूम रहे तीन बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मनोरंजन गृह रेल्वे लाल ग्राउण्ड के पास दबिश देकर प्रशांत बेन निवासी सोनी का बगीचा गायत्री नगर के पास से चाकू बरामद किया है। इसी प्रकार गायत्री नगर पुलिया के पास पम्प हाउस रोड में अमित बर्मन उर्फ एडी पिता राजाराम निवासी प्रेम नगर पानी की टंकी के पास से चाकू बरामद किया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ही बैलट घाट रोड सरकारी आवास के पीछे से उदित निषाद निवासी वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक के पास से भी बका बरामद किया है। इनके खिलाफ पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### महिला कर्मचारी के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय में पदस्थ महिला कर्मचारी श्रीमती कुसुम सौंधिया के आकस्मिक निधन पर सोमवार शाम निगम कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा जाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान निगम परिवार द्वारा दुख व्यक्त किया जाकर परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा उनके परिवार पर आये इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। शोकसभा के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगमायुक्त नीलेश दुबे, यादव भटटू आदि की उपस्थिति रही।

#### पीडब्ल्यूडी की मनमानी का दंश झेल रहे राहगीर

# बिना पोल शिफ्ट किए पीडब्ल्यूडी कर रहा सड़क चौड़ीकरण

### हर वक्त हादसे का अंदेशा, चौड़ी सड़क सिकुड़कर हुई सकरी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** लगभग माह भर पहले जिला मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर सामतपुर से प्रगतिशील ढाबा तक सडक चौडीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने कार्य आरंभ किया जिसमे विभाग द्वारा सडक किनारे लगे विद्युत खंभो को बिना शिफ्ट किये ही सडक चौडीकरण का कार्य आरंभ कर दिया जो अभी भी जारी है। सडक के बीचोबीच बनने वाले डिवाइडर से जहां एक ओर चौडी सडक निर्माणधीन के दौरान सकरी हो गई वही कभी किनारे गडे विद्युत खंभे अब सडक के बिलकुल बगल मे आ गये हैं जिससे कभी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। इससे बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क की चौड़ाई कम साबित हो रही है। साथ ही स्थानीय लोगों को हादसा होने का डर लगा हुआ है। निर्माणाधीन सडक मे बीच में आकर्षक डिवाइडर, हरे-भरे पौधे और लाईटिंग शामिल है।

### विभाग के सह पर ठेकेदार की मनमानी

पीडब्ल्यूडी विभाग के सह पर ठेकेदार सडक के बीचो बीच डिवाइडर का निर्माण तो कर रहा



है, लेकिन बिजली के पोल शिफ्ट नहीं किए। इससे जो पोल किनारे पर थीं, अब सड़क के बीच आ चुके हैं। इससे हादसों की आशंका बनी रहती है। क्योंकि, सड़क चौड़ी होने से कई बार वाहन चालक तेजी से वाहन चलाते आते हैं, लेकिन अचानक पोल सामने आने से नियंत्रण करना मुश्किल हो जाता है। एक स्थानीय वार्डवासी ने बताया कि सड़क निर्माण से पहले विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर शिफ्ट कराया जाता है, इसके बाद ही काम सड़क का काम शुरु होता है। क्योंकि, पोल शिफ्ट न होने से सड़क का ठीक से निर्माण नहीं हो सकता है। जिससे सड़क की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

### हर दिन दुर्घटना का अंदेशा

शहर को चमचमाती सड़क व रंगीन डिवाइडरों से संवारने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अव्यवस्थाएं व ठेकेदार की लापरवाही हादसों की वजह बन रही हैं। कई जगह चौड़ीकरण के लिए खोदी गई सड़कें महीनों से उसी हाल पर छोड़ दी गई हैं। सड़क पर पड़ा मलबा व सकरी हुई सड़क हर दिन दुर्घटना का कारण बन रही हैं। इस निर्माणाधीन सडक की जब हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की तो बड़ी लापरवाही उजागर हुई।

### यह हो रही समस्या

बिना सड़क चौड़ी किए ही बन रही डिवाइडरों से सड़क पूरी तरह सकरी हो गई है। इससे भारी वाहन आ जाने से छोटे वाहनों को सड़क के नीचे चलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इससे कहीं गिट्टी से छिटककर तो कहीं गड्ढे में गिरकर लोग हादसों




का शिकार हो रहे हैं। दूसरी ओर ठेकेदार सड़क की खोदाई कर दूर तक छोड़ दे रहा है। इसके साथ ही जहां लोहे के जाल बांधे जा रहे हैं, वहां भी सुरक्षा के उपाय नहीं किए हैं। कई जगह सरिया तिरछी होने से राहगीरों के लिए खतरा बन रही है। डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर नहीं लगे होने से रात को भी हादसे की आशंका बनी हुई है। सड़क किनारे लगे विद्युत पोल अब भी सड़क में ही खड़े हैं।

### विद्युत विभाग ने किया था पत्राचार

जानकारी लगते ही विद्युत विभाग ने तुरंत पीडब्ल्यूडी विभाग को रोड चौड़ीकरण व डिवाइडर के पूर्व पोल शिफ्टिंग कार्य कराये जाने के संबंध मे पत्राचार किया था। विद्युत विभाग ने पीडब्ल्यूडी विभाग को लेख किया था कि आपके विभाग द्वारा प्रगतिशील ढाबा से गोविंदम होटल तक कोतमा रोड मे रोड चौड़ीकरण व डिवाइडर के पूर्व पोल शिफ्टिंग कार्य नही कराया गया है जबकि उपरोक्त कार्य के पूर्व नियमानुसार विद्युत पोलों को शिफ्ट कराया जाना था। जबकि ज्ञात है कि उक्त मार्ग मे हर समय वाहनो की आवाजाही बनी रहती है तथा बड़े वाहन भी इस रास्ते से गुजरते हैं, इस दौरान कभी भी अनहोनी हो सकती है। वर्तमान मेरोड किनारे स्थापित एलटी, 11 केव्ही लाइन व खंभे सुरक्षित दूरी पर हैं किन्तु रोड चौड़ीकरण हो जाने से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। अतः पोल शिफ्टिंग कार्य हेतु आवेदन सहायक अभियंता अनूपपुर को तत्काल प्रेषित करें जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। रोड चौड़ीकरण के पूर्व पोल शिफ्टिंग नही करवाने की स्थिति मे अप्रिय स्थिति का जिम्मेदार विद्युत विभाग नही होगा।

## खनिजों का अवैध उत्खनन व परिवहन करने पर 12 वाहन किए गए जब्त

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु 31 मई को तहसील अनूपपुर अंतर्गत फुनगा, मझगवां क्षेत्र अंतर्गत 02 वाहन जिनके ट्रैक्टर क्रमांक MP65ZA7383, ट्रैक्टर क्रमांक MP65AA0273 को खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त किया गया। इसी प्रकार 02 जून को 01 वाहन खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर खांड़ा रामपुर में जब्त किया गया। जब्तशुदा वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध खनिज के अवैध परिवहन पर नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर न्यायालय कलेक्टर में प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार खनिजों के अवैध उत्खनन तथा



परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग द्वारा विगत एक सप्ताह के भीतर कुल 12 वाहनों को जब्त किया जाकर 3 लाख 44 हजार 175 रुपये अर्थदण्ड प्रस्तावित किया गया है।

## शादी में निमंत्रण नहीं दिया तो कर दी मासूम की जघन्य हत्या




**हरिभूमि न्यूजभालूमाडा।** गत दिवस भालूमाडा पुलिस ने एक ऐसे मामले का खुलासा किया जो न किसी झगडे से ताल्लुक था न इश्क प्यार मोहब्बत से था न जमीन जायदाद से था बल्कि एक ऐसा मामला था कि निमंत्रण न मिलने पर एक मासूम का अपहरण कर जघन्य हत्या कर दी गई। थाना भालूमाड़ा की टीम ने फरियादी रामकलेश पिता स्व. दादूराम कोल निवासी तुलरा के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर 5 साल के मासूम अनुराग कोल के गुमने के संबंध में रिपोर्ट किया था जिसे तलाश हेतु हर संबंध प्रयास किये जाने पर पाया गया कि 8 मई 2025 को शादी में निमंत्रण न देने से नाराज आरोपी ने 5 साल के नाबालिग बालक अनुराग कोल का अपहरण कर हत्या कर दो दिन तक अपने घर के पास छिपाकर रखना फिर फंसने के डर से रात्रि में घर ले जाकर पास के जंगल के गड्डे में डाल देने की घटना पर क्षेत्र में काफी सनसनी और आम नागरिकों में काफ़ी रोष व्याप्त हुआ था जिस पर वरिष्ठ अधिकारीयों के मार्ग दर्शन पर टीम बनाकर लगातार प्रयास करने पर प्रकरण का आरोपी सरजू कोल उम्र 41 साल निवासी हनुमान दफाई वार्ड न 16 भालूमाड़ा द्वारा शादी में ना बुलाये जाने व निमंत्रण ना देने से नाराज होकर उक्त घटना को अंजाम दिया गया था। काफ़ी प्रयास के बाद गहनता से शादी में आये मेहमानों और संदेहियों से लगातार पूछताछ कर परिस्थिति जनसक्ष्य व भौतिक साक्ष्य के आधार पर आरोपी अपना जुर्म स्वीकार कर पश्चाताप कर रहा है। 3 जुलाई को आरोपी सरजू कोल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया।



#### विश्व साइकिल दिवस पर विशेष

## पैडल घुमाये, सेहत व पर्यावरण को बचायें

#### साइकिल की सवारी सबसे न्यारी, बढ़ाती है यारी

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद बनगवां ( राजनगर ) क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हो, मोहल्ला हो, गलियां हों, साइकिल की ट्रिग-ट्रिग सुनने को मिल ही जाती है। हर वर्ग के लोगों की पसंद है, साइकिल शिक्षा के क्षेत्र में साइकिल के महत्व की चर्चा करें, तो इसने चमत्कारिक काम किया है सुदूर गांव की बेटियों व बेटे ने साइकिल के बल ना केवल घर से स्कूल तक की दूरी तय की, बल्कि अपने सपनों को भी साकार करने का काम किया। स्वास्थ से लेकर जीवन के हर पहलु में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने वाली साइकिल को सम्मान देने के लिए हर साल तीन जून को दुनिया विश्व साइकिल दिवस मनाती है। यह दिन सिर्फ एक वाहन का उत्सव नहीं है, बल्कि एक जीवनशैली, जागरूकता व एक क्रांति का प्रतीक बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में इस दिन को आधिकारिक मान्यता दी, ताकि लोगों को साइकिल के लाभों के प्रति जागरूक किया जा सके। साइकिल ना पेट्रोल पीती है और ना ही प्रदूषण फैलाती है। अगर कुछ करती है, तो शरीर को फिट रखने के साथ मानसिक तनाव को भी दूर करती है। बच्चों के लिए यह खेलने का जरिया है। तो युवाओं के लिए फिटनेस का फॉर्मूला और बुजुर्गों के लिए एक जिंदादिल साथी, फिर क्यों ना हो इसका सम्मान, पढ़ें इसी पर आधारित विश्व साइकिल दिवस पर राजनगर से हरिभूमि प्रतिनिधि की खास रिपोर्ट।

### साइकिलिंग से संबंधित कुछ रोचक तथ्य

साइकिलिंग हृदय को मजबूत करती है, रक्त संचार ठीक करती है। यह पैरों की मांसपेशियों को मजबूत करती है, खासकर क्वाड्रिसेप्स, हैमस्ट्रिंग और बट मसल्स को। यह कैलोरी जलाने में मदद करती है, जिससे वजन नियंत्रण में सहायता मिलती है। साइकिलिंग मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि यह तनाव को कम करने और मूड को बेहतर बनाने में मदद करती है। साइकिलिंग से प्रदूषण की समस्या नहीं होती। साइकिल के लिए किसी तरह ऊर्जा की जरूरत नहीं होती।

### प्रदूषण नियंत्रण में अहम भूमिका

पहले गांवों और छोटे शहरों में ट्रिन - ट्रिन ही संदेशों की वाहक थी - पिता का दफ्तर से लौटना, गर्मियों की दोपहर में लकी के बाल काटने वाले का आना, डाकिया या फिर दोस्त की पुकार... चाहे वह दूध वाला हो, फेरी वाला हो, सब्जी वाला हो, सब इस ट्रिन-ट्रिन की धुन से ही समझ में आ जाता था। लेकिन, आधुनिक जीवन की आपाधापी और तेज रफ्तार वाहनों के शोर में यह मधुर ध्वनि कहीं खो सी गयी है. फिर भी, साइकिल आज भी कई लोगों के लिए सिर्फ आने-जाने का साधन नहीं, बल्कि उनके रोजी-रोजगार का अहम जरिया बनी हुई है।यह उनके जीवन की गाड़ी को गति दे रही है और उन्हें अपने बच्चों के लिए एक बेहतर भविष्य की नींव रखने में मदद कर रही है. इसके अलावा, साइकिलिंग के अनगिनत स्वास्थ्य लाभ है, जो हमारे शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखते हैं। साथ ही, यह पर्यावरण की सच्ची हितैषी भी है, जो प्रदूषण को कम करने में अहम भूमिका निभाती है। इन्हीं सब महत्व को उजागर करने और लोगों को साइकिल अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हर साल 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। तो, आइए इस साइकिल दिवस पर हम सब मिलकर अपने जीवन में साइकिल को अपनाने का संकल्प ले और इसके बहुआयामी लाभों का अनुभव करें।

# चौथे स्तंभ को बदनाम कर अपनों को बचाने की कोशिश



### पशु तस्करी के आरोपी का वायरल वीडियो में पत्रकारों पर लगाए गंभीर आरोप

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो ने पत्रकारिता जगत को हिला कर रख दिया है। 2 जून को वायरल हुए इस वीडियो में पशु तस्करी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू ने पांच पत्रकारों पर रिश्वत लेने के गंभीर आरोप लगाए हैं। वीडियो में आरोपी द्वारा पत्रकारों के नाम स्पष्ट रूप से लिए गए हैं, जिससे पूरे मीडिया जगत में रोष और चिंता की लहर दौड़ गई है। इस प्रकरण को लेकर 3 जून को अनूपपुर जिले के पत्रकारों के दो संगठनों ने अलग अलग कलेक्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। पत्रकारों का कहना है कि यह वीडियो न केवल पत्रकारिता की साख को चोट पहुंचा रहा है, बल्कि समाज में भ्रम और अविश्वास का माहौल भी बना रहा है।

### पत्रकारों ने रखी यह प्रमुख मांग

उक्त मामले में पत्रकारों ने तथ्यात्मक जांच समिति का गठन कर वायरल वीडियो और उसमें लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच किए जाने, वीडियो की फॉरेंसिक जांच कर यह पता लगाये जाने कि उसमें किसी प्रकार की एडिटिंग या छेड़छाड़ तो नहीं की गई है जिसके संबंध में, आरोपी अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू से यह स्पष्ट कराया जाए कि उसने किन परिस्थितियों में यह बयान दिया है। यदि पत्रकारों के विरुद्ध कोई प्रमाण हैं तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए अन्यथा मानसिक उत्पीड़न से राहत दी जाए, यह भी जांच की जाए कि कहीं इस वीडियो के पीछे राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव तो नहीं है, यदि वीडियो पुलिस हिरासत के दौरान बनाया गया है, तो उसके लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारी की पहचान कर जवाबदेही तय की जाए। अगर यह वीडियो कोतमा थाना से लीक हुआ है, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किये जाने तथा मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए पुलिस द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने की मांग की गई।

### यह है मामला

बताया जाता है कि पशु तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपी बल्लू ने अपने बयान में कुछ पत्रकारों पर लेन-देन के आरोप लगाए हैं। हालांकि, वीडियो में किसी नेता, पुलिस अधिकारी या अन्य प्रभावशाली व्यक्ति का नाम नहीं लिया गया है। इससे यह संदेह भी गहराता है कि कहीं यह वीडियो एकतरफा उद्देश्य से तो प्रसारित नहीं किया गया। इस पूरे मामले ने पत्रकारिता की गरिमा और विश्वसनीयता को एक बार फिर कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। अब प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच कराते हुए सत्य को उजागर करे। पत्रकारों ने प्रशासन से अपील की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच प्रारंभ की जाए, ताकि सच सामने आए और दोषी चाहे जो भी हो, उसे दंड मिले तथा निर्दोषों की प्रतिष्ठा सुरक्षित रह सके। उक्त ज्ञापन राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला के नेतृत्व मे पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया।

### अनूपपुर की पत्रकारिता पर ये दाग बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं- मनोज द्विवेदी

यह सभी सच्ची ईमानदार पत्रकारिता के पैरोकारों के लिये चिंतन का विषय है। गिरावट के इस दौर में जब हर दूसरा व्यक्ति गिर या गिराया जा रहा हो, किसी मामले की सच्चाई आने तक कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हर जिम्मेदार पत्रकार को पत्रकारिता की शुचिता बनाए रखने के लिये अपना पक्ष जरुर रखना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार श्री द्विवेदी का कुछ बिन्दुओं पर सवाल है कि वायरल वीडियो कब, कहां, किसने और क्यों बनाया है, यह स्पष्ट किये



बिना वीडियो वायरल क्यों किया गया? यदि वीडियो पुलिस हिरासत मे बनाया गया तो इसका हिस्सा Selective क्यों है? जाहिर है कि योजना के तहत वीडियो का एक अंश वायरल किया गया, क्यो? वायरल वीडियो का शेष हिस्सा किसने छुपाया। वह ऐसा करके किसे / किन्हे बचाना चाहता है। यदि यह वीडियो पुलिस के पास था तो मीडिया में वायरल किसने और क्यों किया? उसकी मंशा पत्रकारों को बदनाम करने की थी या वह ऐसा करके पत्रकारों का मुंह बंद करना चाहता था? यदि वीडियो पुलिस के किसी अधिकारी ने वायरल किया है तो यह सबूतों से आपराधिक छेडछाड का मामला है। पुलिस अधीक्षक इसे स्वयं संज्ञान लें। वीडियो मे आरोपी के किन अन्य पत्रकारों, नेताओं, पुलिस या अन्य लोगों से संपर्क थे, सबके काल डिटेल्स की जांच हो और उसे भी ऐसे ही मीडिया ट्रायल करवाया जाए।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

मंगलवार की दोपहर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ अनूपपुर जिला इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान से भेंट करके पशु तस्करी मामले में पत्रकारों की संलिप्तता मामले मे एसआईटी गठित करके मामले की जांच करके सख्त कार्यवाही की मांग की है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में है और यह गंभीर विषय है। पूरी जिम्मेदारी से मामले की जांच होगी और दोषियों पर कार्यवाही होगी, वहीं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने कहा कि बल्लू के बयान के साथ हमारी जांच मे वायरल वीडियो में आरोपी पत्रकारों के विरुद्ध साक्ष्य भी हैं। आप लोगों ने एसआईटी जांच की मांग की है। हम मामले की सूक्ष्म और निष्पक्ष जांच करवाएंगें। बडे तथ्य सामने आने पर पत्रकार वार्ता करके आप सब को डिटेल जानकारी देगें। दो दिन से पशु तस्कर बल्लू के द्वारा वायरल वीडियो में पत्रकारों पर रुपये लेकर पशु तस्करी में मदद करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। संघ ने ज्ञापन सौंप कर कहा है कि पांच पत्रकारों को पशु तस्करी करने देने के एवज में 3 से 5 हजार रुपये प्रतिमाह देने का दावा करते हुए वह दिख रहा है। पशु तस्करी जैसे अपराध में पत्रकारों की संलिप्तता के आरोप बहुत संगीन और विचलित करने वाले हैं। ऐसे आरोपों से अनूपपुर जिले की पत्रकारिता कलंकित हुई है। सभी पत्रकारों ने इसकी कडे शब्दो में निंदा करते हुए मांग की है कि समूचे मामले की विशेष जांच टीम बना कर पत्रकारों पर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जाए।